
# प्रगति Insights

Volume 17 Issue 2 JUL - SEP 2021

## MD Desk



वित्त वर्ष 2021–22 की दूसरी तिमाही में काफी महत्त्वपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया गया जिसमें रील की प्रतिष्ठित परियोजनाओं का उद्घाटन, गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया और काम को सराहा गया। कुछ नए प्रोजेक्ट्स – ऑक्सीजन प्लांट को भी सफलतापूर्वक कमीशन किया गया जिससे समाज को काफी लाभ मिलेगा और कंपनी को इस दिशा में काम करने के और अवसर मिलेंगे।

व्यावसायिक गतिविधियों को करते हुए, कंपनी अधिक पारदर्शिता के लिए डेयरी व्यवसाय में डिजिटलीकरण को शामिल करने की दिशा में केंद्रित रही और साथ ही दिन–प्रतिदिन के कार्य में अधिक दक्षता लाने के लिए आंतरिक गतिविधियों में भी। सभी स्तरों पर निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए आईटीआई, बैंकों आदि के लिए सोलर प्लांट्स भी स्थापित किए गए हैं।


कंपनी में सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप स्वच्छता पखवाड़ा, हिंदी पखवाड़ा और आजादी का अमृत महोत्सव में कर्मचारियों ने काफी उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रमों को सफल बनाया।

ग्राहकों, विक्रेताओं, कर्मचारियों और शेयरधारकों सहित हमारे सभी हितधारकों को मेरा हार्दिक धन्यवाद, जिन्होंने हमेशा अपना निरंतर समर्थन प्रदान किया है। हम आने वाले वर्ष के लिए बेहतर करने और लक्ष्य हासिल करने के लिए तैयार हैं।

### गतिविधियों का सार

- रील द्वारा विकसित ऑनलाइन परियोजना का उद्घाटन
- व्यापार प्रमुखताएं
- पुरस्कार एवं पहचान
- सहभागिता
- स्टाफ गतिविधियां

## रील द्वारा राजस्थान के स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर प्रकाशित ''मोनोग्राफों का डिजिटलाईजेशन''




माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान, रील द्वारा विकसित ऑनलाइन परियोजना का उद्घाटन करते हुए। इस दौरान एमडी रील भी मौजूद रहे

माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान द्वारा राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी के **''राजस्थान प्रदेश में स्वतन्त्रता संग्राम के अमर पुरोधाओं'' की ग्रंथमाला का डिजिटलाईजेशन तथा ऑनलाइन एकीकृत ई–लाइब्रेरी वेब एप्लिकेशन** का लोकार्पण दिनांक 09.08.2021को श्री निरंजन कुमार आर्य, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, श्री भंवर सिंह भाटी, अध्यक्ष, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी एवं उच्च शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, श्री नारायण लाल मीणा, सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, श्री बजरंग लाल सैनी, निदेशक, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी एवं श्री राकेश चौपड़ा, प्रबन्ध निदेशक, रील की गरिमामय उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान ने राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी और रील के संयुक्त प्रयासों को प्रोत्साहित करते हुए इस की सराहना की तथा इस कार्य को मील के पत्थर के रुप में संबोधित किया। मुख्यमंत्री महोदय ने जोर देकर यह कहा कि इतिहास बनाने के लिए इतिहास को जानना औरपढ़ना अतिआवश्यक है, अत : इस प्लेटफार्म के माध्यम से आज की युवा पीढ़ी को राजस्थान के स्वतन्त्रता संग्राम के अमर पुरोधाओं के गौरवशाली इतिहास को जानने तथा उससे प्रेरित होने का अवसर मिलेगा।

श्री भंवर सिंह भाटी, अध्यक्ष, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी एवं उच्च शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बताया कि सभी 61 मोनोग्राफ और 11 पुस्तकों को ई–लाइब्रेरी के माध्यम से आमजन को ऑनलाइन उपलब्ध करवा दिए गए हैं।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने पर रील के प्रबन्ध निदेशक को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। प्रबन्ध निदेशक, रील द्वारा सभी अतिथिगणों का स्वागत किया और रील द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया।

कार्यक्रम के अंत में श्री बजरंग लाल सैनी, निदेशक, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी ने मुख्यमंत्री महोदय और सभी उपस्थित अतिथिगणों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# व्यापार प्रमुखताएं

## डेयरी इलेक्ट्रॉनिक्स

रील हमेशा नए समाधानों और मौजूदा समाधानों के उन्नयन के माध्यम से डेयरी उद्योग के उत्थान में सक्रिय रही है। हमारे भरोसेमंद ग्राहक आरसीडीएफ की जरूरतों और सिफारिशों पर विचार करते हुए, हमने अपने ग्राहक और किसान को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रति लीटर के हिसाब से दूध संग्रह बिलिंग के लिए नया सॉफ्टवेयर विकसित किया है।

रील को प्रति माह औसत दूध संग्रह पर आवर्ती मासिक बिलिंग प्रक्रिया के आधार पर दुग्ध संकलन केंद्र (डीसीएस) और बीएमसी केंद्र (रियल टाइम) के लिए क्लाउड आधारित ऑनलाइन मिल्क प्रोक्योरमेंट सोल्युशन के लिए अजमेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, अजमेर से पहला ऑर्डर मिला है, जिसके तहत रियल टाइम मिल्क कलेक्शन के लिए 90 डीसीएस को उपरोक्त ऑनलाइन सॉफ्टवेयर समाधान के साथ अपग्रेड किया गया है। इस तरह की पहल से भविष्य में व्यापार में बढ़ोतरी की संभावना है और डिजिटल इंडिया मिशन को बढ़ावा भी मिलेगा।



सोसाइटी में मिल्क कलेक्शन

पूर्वी क्षेत्र, दक्षिणी क्षेत्र, मध्य और उत्तरी क्षेत्र की विभिन्न सोसाइटियों से 511 एडवांस डीपीएमसीयू के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। तिमाही के दौरान दक्षिणी क्षेत्र, राजस्थान और उत्तरी क्षेत्र, मध्य क्षेत्र की विभिन्न सोसायटियों से 87 एएमसीयू के ऑर्डर भी प्राप्त हुए।

इसके अलावा कंपनी को देश भर से अन्य नियमित उत्पादों के ऑर्डर प्राप्त हुए। इसमें शामिल हैं – गुजरात, मध्य क्षेत्र, दक्षिणी क्षेत्र और राजस्थान से 385 इलेक्ट्रॉनिक मिल्क टेस्टर; मध्य क्षेत्र, दक्षिणी क्षेत्र और राजस्थान से 14 ईएमएटी (EMAT); गुजरात, मध्य क्षेत्र, दक्षिणी क्षेत्र, राजस्थान, उत्तर क्षेत्र, उत्तर प्रदेश क्षेत्र से 739 मिल्क एनालाईज़र्स । इस प्रकार हम किसानों को सशक्त बने रहने और हर दिन डेयरी क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं ।

## डीजीटाईजेशन-अन्य पहल- आईटी

कंपनी को वार्षिक रखरखाव एवं वार्षिक तकनीकी सहायता (एटीएस/एएमसी) और हेल्प डेस्क के लिए राजस्थान राज्य सहकारी बैंक से 6.80 करोड़ का प्रतिष्ठित ऑर्डर मिला है। इसमें तीन साल के लिए राजस्थान राज्य भर में 494 शाखाओं के लिए कोर बैंकिंग सोल्युशन शामिल है।

तिमाही के दौरान बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम सीएसआईआर–सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स रिसर्च इंस्टीट्यूट–पिलानी सहित लीव एंड टूर मैनेजमेंट सिस्टम के लिए संपूर्ण सॉफ्टवेयर मॉड्यूल के डिजाइन, विकास और कार्यान्वयन का आदेश भी प्राप्त हुआ था।

रील ने चुनाव विभाग, राजस्थान की स्टेट लेवल एजेंसी (एस.एल.ए) के रूप में काम करते हुए सफलतापूर्वक तकनीकी सहायता सेवाएं प्रदान की हैं। राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान के आदेश पर राजस्थान राज्य के पंचायत राज चुनाव/नगरीय स्थानीय निकायों के दौरान चुनावी सांख्यिकीय सूचना के प्रबंधन हेतु सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन भी उपलब्ध करवाया।

रील की आईटी टीम ने इन–हाउस डिजाइन की गयी ऍप्लिकेशन्स के लिए निरंतर समर्थन सेवाएं प्रदान करने के अलावा इनवर्ड स्टोर, मेन स्टोर और स्पेयर स्टोर के लिए भी वेब आधारित ऑनलाइन इंटीग्रेटेड इन्वेंटरी मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर को सफलतापूर्वक डिजाइन, विकसित और कार्यान्वित किया।

## ग्राहक प्रशिक्षण कार्यक्रम

संबंधित व्यक्ति को अपने उत्पादों के कामकाज के बारे में शिक्षित और अद्यतन रखने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

यह हमारे मूल्यवान ग्राहकों को बेहतर और अबाधित समर्थन सेवाओं में मदद करता है।

तिमाही के दौरान, हमने 917 क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और दुग्ध समिति के सचिवों को प्रशिक्षित किया है, जिससे 300 से अधिक गांवों को लाभ होगा।

## अक्षय ऊर्जा

इस अवधि के दौरान, रील ने रूफ टॉप सोलर, एच.आर.ई.डी.ए, आर.एच.डी.एस, आर.सी.वी.ई.टी और सीएसआर परियोजनाओं जैसी विभिन्न योजनाओं एवं विभागों के तहत काम किया।

आवासीय क्षेत्र के लिए सीएफए योजना के तहत राजस्थान में ''रूफ टॉप सोलर पावर जनरेशन स्कीम 2019–20'' के अंतर्गत, आरआरईसी (RREC) से आवंटन प्राप्त हुआ जिसमे रील ने कुल 1000 kWp सोलर पावर प्लांट को सफलतापूर्वक निष्पादित किया है। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से राजस्थान में लगभग 160 घरों को कवर किया गया है।

रील ने आरएचडीएस (RHDS) और एचआरईडीए (HREDA) के तहत राजस्थान और हरियाणा के विभिन्न स्थलों पर 7.5 एचपी के 40 एसपीवी वाटर पंपिंग सिस्टम और 10 एचपी के 25 वाटर पंपिंग सिस्टम सफलतापूर्वक स्थापित किए।

सरकारी भवनों के लिए रूफटॉप योजना के अंतर्गत, रील ने इस तिमाही में विधानसभा, जयपुर में 560 kWp ग्रिड कनेक्टेड एसपीवी पावर प्लांट की प्रतिष्ठित परियोजना को सफलतापूर्वक लागू किया।

इसके अलावा, रील ने राजस्थान राज्य में विभिन्न सहकारी बैंकों से 353 साइटों पर 470 kWp की कुल क्षमता के लिए प्राप्त आदेश प्राप्त किए हैं और निष्पादित किए हैं।

कंपनी को आरसीवीईटी (RCVET) विभाग के माध्यम से राजस्थान राज्य में 109 आईटीआई में संचयी 3.03 मेगावाट का ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप एसपीवी पावर प्लांट का ऑर्डर भी मिला।




ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्थान की सीसीबी ( केंद्रीय सहकारी बैंकों ) में अलग-अलग क्षमताओं - 1kWp, 2kWp, 3kWp और 5kWp के सौर ऊर्जा पैक

जिसमें से, राजस्थान राज्य में 52 आईटीआई में कुल 1.48 मेगावाट एसपीवी बिजली संयंत्रों को निष्पादित कर दिया गया है।

सीएसआर व्यवसाय के तहत, रील को पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली से दो परियोजनाएं प्राप्त हुई हैं। एक मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 500 एसपीवी एलईडी एसएलएस की स्थापना के लिए और दूसरा राजस्थान राज्य के सवाई माधोपुर जिले के जटवाड़ा कलां ग्राम पंचायत में विभिन्न सौर हस्तक्षेपों की स्थापना के लिए।




**सवाई माधोपुर जिले के जटवाड़ा कलां ग्राम पंचायत में 10kWp ऑफ-ग्रिड सौर ऊर्जा सिस्टम**

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत एक नोडल एजेंसी के रूप में, रील ने जयपुर नगर निगम हेरिटेज बिल्डिंग (पुराना PHQ) में 100 kWp ग्रिड कनेक्टेड एसपीवी पावर प्लांट को सफलतापूर्वक स्थापित और कमीशन किया।

बढ़ती पारदर्शिता और डिजिटलीकरण के साथ, कंपनी GeM पोर्टल के माध्यम से व्यवसाय में सक्रिय रूप से शामिल है।

रील को गेल (इंडिया) लिमिटेड से GeM पोर्टल के माध्यम से ''सर्वेक्षण, डिजाइन, इंजीनियरिंग, खरीद, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण, कमीशनिंग के लिए एक आदेश मिला है जिसमें 2.64 मेगावाट (डीसी) क्षमता ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पीवी के 10 साल के ऑपरेशन एवं मेंटेनन्स भी शामिल हैं। इन पावर प्लांट्स को गेल पाटा में जिला औरैया (यूपी) में लगाया जायेगा।




**FAME 1 स्कीम के तहत रील द्वारा स्थापित EV चार्जिंग स्टेशन**

## न्यू -प्रोजेक्ट्स

## इ-मोबिलिटी

देश भर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए चल रही फेम स्कीम के अंतर्गत, रील को तिमाही के दौरान कोयंबटूर शहर के लिए 25 ईवी चार्जिंग स्टेशनों का एल.ओ.आई प्राप्त हुआ।

इस तिमाही में ऑनलाइन सीपीयूसीसी परियोजना के माध्यम से कुल 10.56 लाख वाहन प्रदूषण प्रमाण पत्र बनाए गए, जिससे पूरे राजस्थान की वाहन प्रदूषण प्रमाण पत्र की कुल संख्या 131.04 लाख पहुंच गई है।

रील ने ईईएसएल के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसलटेंट (पीएमसी) और एनुअल मेंटेनेंस कंसलटेंट (एएमसी) के रूप में अपनी भूमिका में स्ट्रीट लाइट राष्ट्रीय कार्यक्रम (एसएलएनपी) के तहत कुल 320277 एलईडी लाइटों को सफलतापूर्वक स्थापित किया है और निरंतर रखरखाव कर रही है।

कोरोना वायरस महामारी (कोविड–19) के कारण चिकित्सा ऑक्सीजन की कमी के चलते, कंपनी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) जयपुर, राजस्थान सरकार से पीएसए आधारित ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र की तैनाती के लिए कार्य आदेश प्राप्त किए हैं। इन चिकित्सा ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों को राजस्थान राज्य भर में 14 विभिन्न स्थानों पर तैनात किया जाना है।

कंपनी ने भीम, बेगू, कमान, संगवारा, किशनगढ़, नसीराबाद, डीडवाना, शाहपुरा, हिंडौन शहर में सफलतापूर्वक 9 ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित कर दिए हैं।



**पीएसए आधारित ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र**

## पुरस्कार एवं पहचान

### गवर्नेन्स नाओ "बेस्ट पीएसयु अवार्ड"

कंपनी को वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर नई दिल्ली में 8वें गवर्नेंस नाउ बेस्ट पीएसयू अवार्ड के आयोजन के दौरान "अनुसंधान और नवाचार श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पीएसयू पुरस्कार" से सम्मानित किया गया । यह पुरस्कार डॉ. किरण बेदी, पूर्व राज्यपाल, पुडुचेरी ने अन्य पीएसयू अधिकारियों की उपस्थिति में श्री राकेश चोपड़ा, प्रबंध निदेशक रील को प्रदान किया। ये प्रतिष्ठित पुरस्कार श्री अधिकारी ब्रदर्स सब–टीवी ग्रुप द्वारा विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को प्रदान किए जाते हैं।



डॉ किरण बेदी, द्वारा प्रबंध निदेशक रील को पुरस्कार दिया गया।




## सहभागिता

### "सौर फोटोवोल्टिक सिस्टम और इलेक्ट्रिक वाहनों के डिजाइन ऑप्टिमाइजेशन एवं गणितीय मॉडलिंग" पर दो दिवसीय कार्यशाला

प्रबंध निदेशक, रील ने मुख्य अतिथि के रूप में पूर्णिमा विश्वविद्यालय में 'सौर फोटोवोल्टिक सिस्टम और इलेक्ट्रिक वाहनों के डिजाइन ऑप्टिमाइजेशन एवं गणितीय मॉडलिंग' पर दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र के दौरान अपने विचार साझा किए।

इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्णिमा विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा 16.08.2021 को वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर किया गया था। प्रबंध निदेशक, रील ने विभिन्न मापदंडों के ऑप्टिमाइजेशन, मॉडलिंग के महत्व, उद्योग और शैक्षिक लिंकेज की आवश्यकता और रील के नवाचारों जैसे की सौर एवं ई वी चार्जिंग स्टेशनों का एकीकरण आदि को बतलाया।




### सौर ऊर्जा: सशक्त कृषि पर सत्र

प्रबंध निदेशक, रील ने पैनलिस्ट के रूप में 16.07.2021 को 'सौर ऊर्जा: सशक्त कृषि' पर सत्र के दौरान अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम का आयोजन नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा सीआईआई के सहयोग से वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर किया गया जो कि अक्षय ऊर्जा मैन्युफैक्चरिंग के लिए आत्मनिर्भरता पर डिजिटल सम्मेलन और प्रदर्शनी का द्वितीय संस्करण था। श्री विवेक अग्रवाल, अतिरिक्त सचिव, कृषि विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार और श्री जे. के जेठानी, वैज्ञानिक, एमएनआरई, भारत सरकार भी पैनल चर्चा का हिस्सा थे। कंपनी ने वर्चुअल प्रदर्शनी में अपनी उत्पाद श्रृंखला का भी प्रदर्शन किया।



## स्टाफ गतिविधियां

### प्रशिक्षण

तिमाही के दौरान विभिन्न डोमेन पर आंतरिक और बाहरी स्तर पर कम्पनी कर्मचारियो के लिए कुल 36 प्रशिक्षण कार्य दिवस आयोजित किए गए। इस दौरान उप प्रबन्धक से उप महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों के लिए सामान्य प्रशासन से संबंधित कम्पनी के विभिन्न नियमों, प्रक्रियाओं, दिशानिर्देशों, प्रणालियों आदि पर जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम, मेंटर्स के लिए जागरूकता कार्यक्रम, निवारक सतर्कता पर उन्नत पाठ्यक्रम, "कार्यालय गतिविधियों/कार्यों में राजभाषा हिन्दी का प्रयोग" इत्यादि विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

### पदोन्नति

दिनांक 01.07.2021 को निम्नलिखित को पदोन्नती दी गई–

- श्री प्रमोद कुमार जोशी, श्री सुनील वर्मा, एवं श्री प्रवीण सिंह कनिष्ठ अभियन्ता -II के पद पर
- श्री राजीव अनेजा, एवं श्री पुरषोत्तम कौशिक, कार्यालय अधीक्षक के पद पर
- श्री चिमना राम, तकनीकी सहायक के पद पर
- श्री लाल चंद एव श्री मुन्ना लाल, वरिष्ठ सफाईकर्मी "ए" के पद पर

दिनांक 01.08.2021 को निम्नलिखित को पदोन्नती दी गई–

- श्री अजय मिश्रा, कनिष्ठ अभियन्ता - I के पद पर

***कंपनी उन्हें बधाई एवं उनके करियर में निरंतर सफलताओं के लिए शुभकामनाएं देती है।***

### सेवानिवृत्ति

श्री हरीश कुमार गुप्ता, अभियंता, दिनांक 31.07.2021 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। उन्होंने कम्पनी में 38 वर्षों की समर्पित सेवा एवं कम्पनी के विकास में योगदान दिया है।

श्री मधु सुदन रतनू, अधिकारी, दिनांक 31.08.2021 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। उन्होंने कम्पनी में 38 वर्षों की समर्पित सेवा एवं कम्पनी के विकास में योगदान दिया है।

***कम्पनी उन्हें खुशहाल, स्वस्थ्य और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनाएं देती है।***

### स्वतंत्रता दिवस समारोह

दिनांक 15.08.2021 को कम्पनी परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक, श्री राकेश चौपडा द्वारा कम्पनी परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम का आयोजन कोरोना महामारी की रोकथाम एवं बचाव हेतु जारी दिशा–निर्देशो एवं सामाजिक दूरी की अनुपालना करते हुए किया गया जिसमे कम्पनी कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर कम्पनी में विभिन्न अवसरों जैसे राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह 2021, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2021 के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को परितोषिक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### स्वच्छता पखवाड़ा (16.08.2021 से 31.08.2021)

भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत कम्पनी परिसर में दिनांक 16.08.2021 से 31.08.2021 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया :

1. बैनर एवं पोस्टर्स का प्रदर्शन
2. स्वच्छता शपथ
3. एकल प्रयोग प्लास्टिक (Single Use Plastic) की छंटनी एवं निस्तारण
4. एकल प्रयोग प्लास्टिक (Single Use Plastic) पर जागरूकता अभियान
5. नारा (Slogan) प्रतियोगिता
6. स्वच्छता का स्थायीकरण (मान्यता प्राप्त तकनीक '5S' का अनुप्रयोग)
7. कम्पनी परिसर में स्थित पानी की टंकियों की सफाई
8. विभागों में स्वच्छता एवं सफाई
9. मान्यता (Recognition) एवं पुरस्कार
   (अ) श्रेष्ठ स्वच्छता बनाए रखने वाले विभाग का चयन
   (ब) स्वच्छता के कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाईकर्मी का चयन
10. विभागों में फर्नीचर की जाँच एवं बेकार सामान का निस्तारण
11. अभिलेखों का डिजिटलीकरण
12. शौचालयों का निरीक्षण एवं रखरखाव

### विश्वकर्मा पूजा

कोविड–19 के दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए कंपनी परिसर के उत्पादन में दिनांक 17.09.2021 को भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा विधि विधान से संपन्न हुई जिसमें प्रबंध निदेशक महोदय ने रीत के सभी कर्मचारियों व उनके परिवार जनों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के सहयोग के साथ कंपनी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) जयपुर की 42वीं अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में दिनांक 23.08.2021 को नराकास उपक्रम जयपुर की 42वीं अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष, नराकास (उ), जयपुर एवं प्रबंध निदेशक, रील श्री राकेश चौपड़ा द्वारा की गयी। कोरोना महामारी के दौर में इस बैठक का आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया गया था।

बैठक में अध्यक्ष, नराकास (उ), जयपुर ने राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुये बताया कि यह एक प्रबल व्यवहारिक एवं सामर्थ्यवान भाषा है, कि हम जो कुछ भी बोल सकते है, वह सब हिंदी में लिख भी सकते है। उन्होने भाषा एवं साहित्य के प्रति हमारे समर्पण एवं सम्मान के संबंध में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के विचार को दोहराते हुये बताया कि **''जिस देश को अपनी भाषा और साहित्य के गौरव का अनुभव नहीं है, वह कभी भी समृद्ध नहीं हो सकता है''।**

### हिन्दी पखवाड़ा (01.09.2021 से 14.09.2021)

हिन्दी दिवस मनाने के लिए कम्पनी में दिनांक 01.09.2021 से 14.09.2021 तक "हिन्दी पखवाड़ा" का आयोजन किया गया। इस दौरान निम्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया :–

1. **निबन्ध प्रतियोगिता**
   "स्वाभिमान और गर्व की भाषा है हिन्दी"
   अथवा
   "आत्मनिर्भर भारत अभियान में राजभाषा हिन्दी का स्थान"
2. **हिन्दी कार्यशाला का आयोजन**
3. **हिन्दी गद्यांश सुधार प्रतियोगिता**
4. **हिन्दी व्याकरण प्रतियोगिता**


स्वतन्त्रता दिवस समारोह


विश्वकर्मा पूजा


नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अर्धवार्षिक बैठक


स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियां


फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0'' का आयोजन


हिन्दी पखवाड़ा के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं

"हिन्दी पखवाड़ा'' के दौरान कम्पनी के गैर हिन्दीभाषी क्षेत्र सिकंदराबाद (आंध्र प्रदेश), बेंगलोर एवं हैदराबाद में स्थित समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों के कर्मचारीगण हेतु उक्त प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया :

1. **हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता**
2. **हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता**
3. **हिन्दी नारा प्रतियोगिता**

उपरोक्त प्रतियोगिताओं में प्राप्त प्रविष्टियों के विजेताओं का चयन कर गणतन्त्र दिवस समारोह 2022 के अवसर पर सम्मानित किया जावेगा।

## आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश में 'आजादी का अमृत महोत्सव' का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए जिसके तहत देश के राष्ट्रगान के प्रति अनुराग/समर्पण व्यक्त करने के उद्देश्य से सभी नागरिकों द्वारा इसका गान करके इसे सम्मान दिया जाना सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर सभी कर्मचारियों को आव्हान किया गया कि जब देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है तो सभी कर्मचारीगण देश के राष्ट्रगान का गायन सुनिश्चित करें। इस हेतु https:/rashtragaan.in पर अपने गायन का विडियो रिकॉर्ड कर अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया गया।

## फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0'' का आयोजन

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, खेल विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की अनुपालना में "आजादी का अमृत महोत्सव" अभियान के तहत India@75 समारोह की श्रृंखला में "फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0" कार्यक्रम के आयोजन का आव्हान किया गया।

इस अभियान का आयोजन दिनांक 13.08.2021 से 02.10.2021 तक किया गया। "फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0" अभियान में "फिटनस की डोज, आधा घंटा रोज" के तहत प्रतिदिन न्यूनतम 30 मिनट स्वयं की फिटनेस के लिए देना निर्धारित था।

इस अभियान के तहत जन भागीदारी को प्रोत्साहन देने के लिए कार्यक्रम की विषय वस्तु "जन भागीदारी से जन आंदोलन तक" निर्धारित की गयी है। इस क्रम में कम्पनी कर्मचारियों के लिए दिनांक 17.09.2021 को प्रातः 09.30 बजे 2 किलोमीटर की दूरी की एक फ्रीडम रन का आयोजन किया गया जिसमे कम्पनी कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**Editorial : Chief Editor - Mr. Sanjeev Kumar, Editor - Ms. Loveena Babbar Email : insights@reil.co.in**

REIL

Quarterly Pragati Insights, Published by
**Rajasthan Electronics & Instruments Limited (REIL)**
"REIL HOUSE", Shipra Path, Mansarovar, Jaipur - 302020, Rajasthan (INDIA)
Tel : 91-141-2888511-14, 2940103 • E-mail : mdo@reiljp.com • Website : www.reiljp.com
Printed for Rajasthan Electronics & Instruments Limited by M/s. Laxmi Printers, Jaipur # 9829125258